CCPS — An AIChE Technology Alliance — Center for Chemical Process Safety
www.aiche.org/ccps

Process Safety Beacon
http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by
ioMosaic
www.iomosaic.com

व्यावसायिक सुरक्षा को मत भूलिए !

मार्च 2014

घटना

एक बीकन पाठक ने कुछ समय पूर्व एक घटना का विवरण भेजा और यह सोचा कि यह बिकान के लिये अच्छा विषय बन सकता है। एक सुविधा में यह सुरक्षा नियम था कि कोई भी सोने के गहने नहीं पहन सकता है। एक कर्मचारी अपनी उंगली पर अंगूठी पहनता रहा। जैसे वह ट्रक से बाहर निकला, उसकी अंगूठी किसी वस्तु में फंस गयी और उसकी छोटी उंगली को काटना पड़ा।

जबकि यह घटना गंभीर थी और यह भविष्य में उसके शेष जीवन को प्रभावित भी करेगी , यह घटना आदर्श रूप से बिकान का विषय बनने योग्य घटना नहीं है क्यों कि यह प्रोसेस से संबन्धित नहीं है। फिर भी, यह घटना हमें स्मरण कराती है कि हमें सुरक्षा के हर पहलू पर उचित ध्यान देना चाहिए जिसमें कि प्रोसेस सुरक्षा और व्यवसायिक सुरक्षा दोनों शामिल हो। लोग ऊंचाई से गिर जाते है , सीढ़ियों से गिर जाते है, तीक्ष्ण वस्तुओ से चोटिल हो जाते है, ऊंचाई से गिरते हुई वस्तुओ से मार लग सकती है और बहुधा प्रकार की घटनाये है जिनका इस सुविधा में प्रोसेस तकनीक से कुछ भी संबंध नहीं है। इन से भी लोग इतना ही चोटिल और प्रभावित हो जाते है जितना कि प्रोसैस संबन्धित घटनाओ से होते है।

जब कि बिकान प्रोसेस संबन्धित घटनाओ पर केन्द्रित होते है , यह मत भूलिए कि व्यवसायिक सुरक्षा भी अति महत्वपूर्ण है। एक सुरक्षित कार्यस्थल के लिये , हमें दोनों प्रोसैस और व्यावसायिक सुरक्षा के लिये प्रभावशाली कार्यक्रमों की आवश्यकता है।

चित्र विशिष्ट रूप से ऊपर वर्णित घटना के लिये उपयुक्त है। हेरल्ड लायड स्वयम इस सर्वोच कोटि की फिल्म में करतब करते हुये देखे जा सकते है, इस के बावजूद कि चार वर्ष पूर्व एक चलचित्र को फिल्माते समय एक दुर्घटना में अंगूठा और उंगली का एक भाग उन्होने गँवा दिया था !

हेरल्ड लायड 1923 की मूक मज़ाकिया उत्तम और दर्शनीय फिल्म “सेफ़्टी लास्ट ” के एक बहुत ही प्रसिद्ध दृश्य (सीन) में लास अंजेलस की गलियों में ऊपर मँडराते हुये

क्या आप जानते हैं ?

➔ व्यावसाफिक सुरक्षा व्यक्तिगत हानि के खतरे को न्यूनतम करने के उद्देश्य से कार्य पद्दयति के द्वारा दुर्घटनाओ की रोकथाम विषय पर ध्यान केन्द्रित करती है।

➔ प्रोसैस सुरक्षा निर्माण प्रोसैस से संबन्धित रसायनकी और भौतिकी से जुड़ी आग लगने की, विस्फोट, खतरनाक सामग्री का वायुमंडल में बाहर आ जाने की घटनाओ और दूसरे प्रकार की संभावित घटनाओ पर नियंत्रण और रोकथाम जैसे विषयों पर केन्द्रित करती है।

➔ प्रोसैस सुरक्षा घटनाओ के घटित होने से बहुत बड़ी क्षति होने की संभावना है और यह बहुत अधिक संख्या में लोगो को , पर्यावरण और संपति को नुकसान पहुंचा सकती है। एक प्रोसैस सुरक्षा घटना आपके संयंत्र के बाहर बहुत बड़े समाज को प्रभावित कर सकती है।

➔ कुछ घटनाओ में व्यावसायिक और प्रोसैस सुरक्षा दोनों के लक्षण मौजूद रहते है। उदाहरण के लिये पाइप लाइन को खोलते समय जिसमें हो रहे गर्म ज्वलनशील सामग्री प्रवाहित हो रही है एक पाईप फिटर को क्षति पहुंचा सकती है। इससे आग भी लग सकती है या विस्फोट भी हो सकता है।

आप क्या कर सकते है ?

❑ यह मत भूलिए कि एक सुरक्षित कार्य स्थल में सुविधा में व्यावसायिक और प्रोसैस सुरक्षा *दोनों* पर सभी लोग उचित ध्यान दे।

❑ यह मान लीजिये कि दोनों व्यावसायिक और प्रोसेस सुरक्षा की सफलता के लिये सुरक्षा सभ्यता और प्रवृति , प्रचालन अनुशासन , सुरक्षित काम करने की विधियाँ और अच्छे सुरक्षा कार्यक्रम के मूल तत्व आवश्यक है।

❑ अपने संयंत्र की प्रोसैस सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा कार्यक्रमों को समझिए *और* उनको सफल करने के लिये अपनी भूमिका बखूबी से निभाए।

❑ अपने संयंत्र की सभी सुरक्षा गतिविधियों में सक्रियता से भाग ले और इसके साथ भाग लेने के लिये सह कर्मियों को भी उत्साहित और प्रेरित करे।

व्यावसायिक सुरक्षा और प्रोसैस सुरक्षा – आप को दोनो की आवश्यकता है !

AIChE © 2014. सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिए पुनःप्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुनःप्रकाशन वर्जित है। आप हमें ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371. पर संपर्क करे ।

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय,मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है। Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai Refinery, Mumbai - 400 074